ओडीओपी से जुड़कर बिजनेस शुरू कर सकती हैं महिलाएं

गोमतीनगर के होटल में हुए बायर्स मीट में जिला उद्योग अधिकारी ने दी योजना की जानकारी। इस दौरान विशेषज्ञों ने बिजनस प्लान भी साझा किए।

■ **एनबीटी, लखनऊः** एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम से जुड़कर महिलाएं अपना बिजनेस शुरू कर सकती हैं। जिला उद्योग अधिकारी मनोज चौरसिया ने शुक्रवार को एक्शन एड असोसिएशन की ओर से गोमतीनगर के निजी होटल में हुए बायर्स मीट में बताया कि चिकनकारी और जरदोजी समेत कई क्षेत्र में बिजनेस के लिए सब्सिडी मिलेगी और मार्केटिंग के लिए मदद भी।

कार्यक्रम में 63 स्वयं सहायता समूह की 145 महिलाओं ने हिस्सा लिया

शहरी निकाय निदेशालय, यूएनडीपी और यूनीसेफ की संभव परियोजना के तहत हुए इस कार्यक्रम में 63 स्वयं सहायता समूह की 145 महिलाओं ने हिस्सा लिया। इसमें विशेषज्ञों ने बिजनेस प्लान भी साझा किए। इस दौरान जिला उद्योग अधिकारी मनोज चौरसिया ने उद्यम सारथी ऐप के बारे में बताया। इस मौके पर एक्शनएड के असोसिएट डायरेक्टर खालिद चौधरी, यूएनडीपी से राहुल सिंह, प्रकाश राठौर और ओम मौजूद रहे।

'यूपी का निर्यात बढ़ाने में ओडीओपी की भूमिका अहम'

जयपुरिया में हुए सम्मेलन में 'पुनरुत्थान और उभरता हुआ यूपी' विषय पर दिग्गजों ने रखी राय

■ **एनबीटी, लखनऊः** राज्य का निर्यात बढ़ाने में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट (ओडीओपी) की भूमिका बेहद अहम है। घरेलू उत्पाद के मामले में यूपी महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। यह बात जयपुरिया प्रबंधन संस्थान के चेयरमैन शरद जयपुरिया ने शुक्रवार को जयपुरिया में हुए 15वें आईआईसी दो दिवसीय सम्मेलन में कही। 'पुनरुत्थान और उभरता हुआ यूपी' विषय पर हुए कार्यक्रम में पांच शख्सियतों को आईआईसी कटलिस्ट अवॉर्ड भी दिए गए। जयपुरिया की निदेशिका डॉ. कविता पांडेय ने कहा कि दो दिवसीय सेमिनार में सिंगापुर पीऐंडजी के निदेशक सिद्धार्थ वाचस्पति, नैशनल कोलाटिरल मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंधक सिराज चौधरी, टेक्समाको रेल ऐंड इंजिनियर लिमिटेड के एमडी आशीष के गुप्ता, प्लानिंग कमिशन ऐंड इंडिया के पूर्व सदस्य अरुण मायरा और सम्मेलन के संयोजक डॉ. अतहर महमूद ने बात रखी।